

# गांजा की तस्करी करने वाले पांच आरोपियों से 17 किलो जब्त

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी।पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाई करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन गठित पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ ( गाँजा ) लिये पाये जाने पर 05 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।**

इसी तारतम्य में पवई पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 02 संदिग्ध व्यक्ति पवई बायपास पर नये अस्पताल के पास अपने बोरियों मे जिसमे उड़िया भाषा मे कुछ लिखा हुआ है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम को 02 संदेहियो ने अपना-अपना नाम पता रामगोपाल पटेल पिता जगन पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी झमटुली थाना बमीठा जिला छतरपुर, महेन्द्र पटेल पिता काशीराम पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी पठारी थाना बिजावर जिला छतरपुर पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेही व्यक्तियो की बोरियो की तलाशी लिये जाने पर बोरियों मे रखे स्टील के पाइपो को खुलवाकर देखा जिसमे अवैध मादक पदार्थ सूखा गांजा कुल वजनी 8 किलो अवैध मादक



पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 01 लाख 60 हजार रुपये का पाया गया।

पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध थाना पवई में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांजा उड़ीसा से सस्ते दामों में पन्ना एवं आसपास के जिलो मे विक्रय हेतु लाया गया था। वहीं दूसरी कार्यवाही कार्यवाही थाना देवेंद्रनगर मे की गई। जिसमें थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. संतोष यादव को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि तीन युवक पन्ना जाने वाली बस के इंतजार में सतना बस स्टैण्ड क्षेत्र में खड़े हैं, जिनके पास बैग एवं थैला है तथा उनमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है। मुखबिर के बताए अनुसार पुलिस पन्ना-सतना मुख्य मार्ग स्थित सुन्दरा तिराहा पर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध बस वाहन को रोककर तीनों संदेहियों को बस से उतारकर तलाशी ली गई।

तलाशी मे आरोपियों के कब्जे से कुल 09 किलो 720 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 90 हजार रुपये है। पूछताछ में आरोपियों ब्रजेश निषाद पिता अंगद निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी सेमरी पोस्ट बम्हौरी थाना धाता जिला फ्तेहपुर (उ.प्र.), पवन पटेल पिता शोभन पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पुतरयान थाना बमीठा जिला छतरपुर (म.प्र.), भुमन पटेल पिता छिददी पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम पुतरयान थाना बमीठा जिला छतरपुर (म.प्र) ने गांजा उड़ीसा राज्य से सस्ते दाम मे लाकर पन्ना एवं आसपास के जिलो मे विक्रय हेतु लाना स्वीकार किया। उक्त कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से थाना देवेन्द्रनगर में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# भवन व सड़क का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करें : सुचारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। भवन, ब्रिज, सड़कों का कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने मासिक समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के संबंधित विभागों की अधिकारी भी मौजूद थे।**

संभाग कमिश्नर ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना के अंतर्गत जो कार्य संभाग में निर्माणाधीन हैं, उनका कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, जिससे कि उनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों में कहीं भी किसी भी प्रकार की समस्या है, उनका प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, जिससे कि समस्या का निराकरण किया जा सके और कार्य में प्रगति लाई जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा जो सेतु निर्माण का कार्य किया जा रहा है, उनके कार्य भी जल्दी से पूर्ण करें, जिससे कि वर्षा के समय उनका उपयोग हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य स्थल पर संकेतक लगाएं एवं सुरक्षा की दृष्टि से भी आवश्यक प्रबंध किया जाए।



# अमानगंज में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

**अमानगंज/पन्ना 4 फरवरी। स्वामी विवेकानंद बस्ती अमानगंज में आयोजित हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सिद्धिविनायक वाटिका में संपन्न हुआ।**

सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर धार्मिक वातावरण के बीच लोगों को संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिससे आयोजन और भी गरिमामयी बन गया। सम्मेलन के दौरान संतों ने हिंदू धर्म, संस्कृति एवं समाज में एकता बनाए रखने का संदेश दिया। उनके प्रवचनों को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। दूसरा हिंदू सम्मेलन लाला हरदौल मंदिर में रखा गया जिसमें गोप पूजन कन्या पूजन धरती माता पूजन एवं संत समागम का कार्यक्रम भी रखा गया साथ ही कार्यक्रम में भारत माता की आरती उतारी गई तथा कार्यक्रम के अंत में भोजन प्रसाद के बाद हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम गरिमा मय में रूप से संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने शिविर गोदग्राम कोतवालीपुर में डॉ डीपी कुशवाहा की उपस्थिति में गांव स्थित हैंड पंप के पास पाउच, पन्नी एवं गंदगी की साफ सफाई की, साथ ही सार्वजनिक बावड़ी की साफसफाई की, थी।**

स्वयंसेवकों ने अपने श्रमदान से साफ कर स्वच्छ जल जीवन मिशन का संदेश दिया। इसी प्रकार कार्यक्रम अधिकारी अरविंद निषाद के नेतृत्व में गोदग्राम खजूरी कोडार में नशा मुक्ति, पर्यावरण जागरूकता के नारे लिखवाने के साथ-साथ




जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीयूषा शर्मा के नेतृत्व में शिविरारथियों ने देहलान चौकी में वृक्षारोपण हेतु गड्ढे का निर्माण किया, साथ ही बाल विवाह रोकने हेतु जागरूकता रैली निकाली एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए भी जागरूकता रैली निकाली।

इसके साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डॉ रोशनी गुप्ता ने अपने गोदग्राम मांझा में विद्यार्थियों के साथ पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया तथा साफ सफाई की। बौद्धिक चर्चा सत्र में कृषि महाविद्यालय पन्ना के अधिष्ठाता डॉ पवन कुमारुमार त्यागी ने कहा कि पन्ना की औसत वर्षा राष्ट्रीय औसत वर्षा से ज्यादा है, इसलिए जल संचय ही जल संकट से बचने का उपाय है। सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने भारतीय परंपरा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# कमिश्नर ने पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी एवं सहायक यंत्री को किया निलंबित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी कार्य में लापरवाही बरतने तथा प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी अजयगढ़ डॉ. अजय सचान एवं सहायक यंत्री जल संसाधन विभाग अजयगढ़ अभिषेक धर द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।**

निलंबित अधिकारियों का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय पन्ना निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। संभाग कमिश्नर ने उक्त अधिकारियों का कृत्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता का द्योतक पाए जाने तथा म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियमों के उल्लंघन पर निलंबन की कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुक्रम में दोनों अधिकारियों को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त कर एसआईआर का आवश्यक एवं महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया था। नियुक्त अतिरिक्त एईआरओ द्वारा आईडी नहीं बनवाई गई और न ही लॉगिन किया गया।



# वनकर्मियों के लिए डाक विभाग की योजनाओं की दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। आज दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र रैपुरा कार्यालय परिसर में पोस्ट ऑफिस विभाग से पधारे अधिकारी अभिषेक खरे एवं लखविंदर सिंह द्वारा वन विभाग के वनकर्मियों के लिए फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।**

रैपुरा रेंज ऑफिसर विवेक जैन ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समन्वय एवं सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने वनकर्मियों को विभिन्न डाकघर आधारित बचत एवं निवेश योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अभिषेक खरे ने अपने उद्बोधन में बताया कि पोस्ट ऑफिस केवल पत्राचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम नागरिकों के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय एवं सरकारी गारंटी वाली वित्तीय सेवाओं का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने विशेष रूप से सुकन्या समृद्धि योजना, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, मासिक आय योजना तथा पोस्ट ऑफिस की इंश्योरेंस योजनाओं के लाभ, ब्याज दर, अवधि और पात्रता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार छोटी छोटी बचत भविष्य में बड़े वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक बन सकती है।

# पीडीएस में शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण होना मुमकिन क्यों नहीं

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। उचित मूल्य दुकानों में दर्ज शत प्रतिशत उपभोक्ताओं को खाद्यान्न का वितरण नहीं होता। किन्तु इस मामले में विभागीय स्तर से न तो जांच होती और न ही कार्रवाई।**

यदि उचित मूल्य दुकानों में अपात्र उपभोक्ता दर्ज हैं तो उनके खिलाफ जांच कर कार्रवाई होनी चाहिये। किन्तु यदि वास्तविक उपभोक्ता है तो उनको खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित होना चाहिये। जब से खाद्यान्न का वितरण आनलाईन शुरू हुआ है तब से यह भी देखा जाता है कि जो खाद्यान्न महीने में वितरित नहीं हो पाता वह विक्रेता के खाते में आनलाईन शेष खाद्यान्न के रूप में दर्ज रहता है। ऐसी स्थिति में कई विक्रेताओं को फिर कम मात्रा में खाद्यान्न का आवंटन किया जाता है। यह माना जाता है कि जो खाद्यान्न वितरित नहीं किया गया है वह उसके स्टाक में उपलब्ध है इसलिये अपेक्षा की जाती है कि पूर्व महीने का शेष खाद्यान्न सहित वर्तमान महीने का खाद्यान्न शत प्रतिशत वितरित किया जाना चाहिये। किन्तु जहां विक्रेताओ की मनमानी के चलते वितरण में पगड़बड़ी की जाती है वहां बारबार गलतियां होती रहती हैं। लिहाजा शेष खाद्यान्न के चलते उन्हें महीने का पूरा कोटा नहीं मिल पाता। यही कारण है कि वितरण शत प्रतिशत नहीं हो पाता। इस दौरान यदि किसी विक्रेता ने खाद्यान्न को बाजार में विक्री कर दिया तो स्टाक में भौतिक के रूप से वह उपलब्ध ही नहीं होता। जब कभी जांच या निरीक्षण होता है तो इसका खुलासा होता है। यह भी सही है कि प्रशासन लगातार प्रयास करता है कि उपभोक्ता को शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाय। किन्तु देखा जाता है कि पचास प्रतिशत वितरण होने के बाद उसे आगे वृद्धि करने में पूरा महीना बीत जाता है। फिर भी लक्ष्य के अनुसार वितरण नहीं हो पाता।

यह भी देखा जाता है कि जिला स्तर से कोई दुकानों का कोई निरीक्षण भी नहीं होता। वहीं अनुविभाग स्तर पर विक्रेताओं की सांठगांठ होने के कारण वहां के अधिकारी कभी उचित मूल्य दुकानों तक पहुचे ही नहीं है। इसलिये उपभोतों को समय पर वितरण नहीं हो पाता।

# मैरिज गार्डनों में कई व्यंजन तो चख भी नहीं पाते मेहमान, 20 प्रतिशत खाना बर्बाद

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। वेडिंग फेस्टिवल शुरू हो गया है। हर परिवार की यही चाहत होती है कि शादी का आयोजन इतना भव्य हो कि लोग इसे सालों तक याद रखे। खास कर शादी में मेहमानों के लिए खाने के अलग अलग आइटम पर विशेष ध्यान देते हैं।**

समाज मे साख जमाने के लिए कैटरिंग को भी मुंह मांगा दाम दिया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक शादी के कुल खर्च का 20 से 25 फीसदी खर्च कैटरिंग सर्विस पर होता है। कई लोग तो शादी में इतने आइटम बनवाते हैं कि हर व्यंजन मेहमान चख भी नहीं पाते। एक अनुमान के मुताबिक शादी में 10 से 20 फीसदी खाना बर्बाद हो जाता है। शादी में खाना बर्बादी रोकने के के लिए मेन्यू में सीमित आइटम ही रखें, खाना परोसा जाए, तो बर्बादी रोकीजा सकती है। भोजन बच रहा है, तो जरूरतमंदों में सुविधानुसार वितरित कर दें। उतरा ही खाना थाली मेजो फेंका न जाएं। एक आम शादी मे 30 और एक बड़ी शादी में अधिकतम 800 किलो तक खाना फेंक देता है।

# वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान द्वारा बुधवार को पन्ना नगर में संचालित वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया।**

इस मौके पर सेंटर के जरिए विपत्तिग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली गई। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पाण्डेय द्वारा सखी केन्द्र की विभिन्न सेवाओं तथा योजनाओं एवं गतिविधियों के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी




प्रदान की गई तथा पुनर्वास, जागरूकता कार्यक्रम तथा हेल्पलाइन नबंर इत्यादि के संबंध में भी अवगत कराया। एएसपी ने परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था तथा परामर्श सेवाओं एवं परिजनों से भेंट प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी ली। साथ ही गत माह में क्रियान्वित कार्यक्रम तथा आगामी कार्ययोजना व रूपरेखा पर चर्चा कर विभिन्न पंजियों का अवलोकन भी किया। इस दौरान सेंटर में कार्यरत अन्य महिला कर्मचारी भी उपस्थित रहीं।

# आशा कार्यकर्ताओं ने खंड चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**पवई 4 फरवरी। खंड चिकित्सा पवई के अंतर्गत कार्य करने वाली सैकड़ों की संख्या में आशा कार्यकर्ता एवं आशा पर्यवेक्षकों ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचकर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत भदोरिया को आवेदन सौंपा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है वे सभी अपने कर्तव्य का निर्वहन समय और पूरी ईमानदारी से करते हैं।**

इसके बावजूद 2025 मार्च की



राशि 9000 हजार एवं नवंबर दिसंबर में किए गए कार्य का भुगतान और बीमा की राशि ड्रेस की राशि फाइलेरिया कार्यक्रम की राशि, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की (तीन साल) राशि का भुगतान अभी तक उनके बैंक खातों में नहीं किया गया है, उन्होंने कहा है कि यदि तीन दिवस के अंदर उनके समस्त प्रकार की राशि का भुगतान नहीं किया गया, जो शेष रह गई है, तो सभी आशा पर्यवेक्षक एवं आशा कार्यकर्ता हड़ताल पर जाएगी, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ेगा, इसके साथ ही उन्होंने फाइलेरिया कार्यक्रम के बहिष्कार करने की भी बात कही। उन्होंने मांग की है कि उनका प्रत्येक माह का मानदेय का भुगतान जिस तरह से शासकीय कर्मचारी का एक तारीख को होता है उसी समय सीमा में किया जाए।

# होटल व रेस्टोरेंटों में सिंथेटिक पनीर परोस रहे हैं या केमिकल

**पन्ना 4 फरवरी।** होटल व रेस्टोरेंट में कड़ाही पनीर, बीपीएम, पनीर मसाला या पनीर की अन्य डिश ऑर्डर करने से पहले पता कर लें कि कही यह सिंथेटिक पनीर तो नहीं है, क्योंकि सामान्यत: होटल रेस्टोरेंट और शादी समारोह में सिंथेटिक, सोया पावडर व सप्रेटा दूध से बना पनीर उपयोग किया जा रहा है। मोटा माल कमाने के लिए होटल व रेस्टोरेंट संचालक दूध के पनीर की कीमत वसूलने के बाद ग्राहकों की सेंहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। मिलावटी पनीर व घी शरीर में धीमे जहर का काम कर रहे है और कई गंभीर बीमारियों को जन्म दे रहे है।

ऐसे बनता है सिंथेटिक पनीर:- सिंथेटिक पनीर बनाने के लिए डिटरजेंट, वनस्पति को क्रीम निकले सप्रेटा दूध में काफी देर तक फेंटा जाता है। इसके बाद इसमें दूध के एसेंस व आरएम केमिकल डालकर पहले दूध तैयार किया जाता है।




# छात्रों ने किया प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। हाल ही में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय गुजरात द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय अंतर्विश्वविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के तीन छात्रो क्रमश: माधव राज परमार, रवि चौधरी ,अभय अहिरवार द्वारा महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के दल में स्थान प्राप्त किया गया है।**

गुजरात में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता दर्ज की है तथा वर्तमान में भुपल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र नूरोज खान एवं तौहीद आलम द्वारा विश्वविद्यालय दल का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है, महाविद्यालय के छात्रों की इस शानदार प्रदर्शन पर महाविद्यालय परिवार द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है एवं छात्रों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ?एस?डी चतुर्वेदी द्वारा शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रेषित किया है।

# लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी वाले मतदाता प्रस्तुत कर सकेंगे कोई एक निर्धारित दस्तावेज : परमार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा रिट पिटीशन 1072/2025 एवं 1145/2025 में 29 जनवरी को पारित आदेश के पालन में जिले की समस्त विधानसभा के 1004 मतदान केन्द्रों में लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी वाले मतदाताओं के संबंध में वांछित कार्रवाई की जा रही है।**

मतदाता के नाम के सामने पाई गई लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी का विवरण भी सूची में अंकित है। इसका प्रकाशन प्रत्येक मतदान केन्द्र पर किया गया है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने बताया कि लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी वाले मतदाता बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत कर समस्या का निराकरण करा सकते हैं। जिले के समस्त नागरिकों से भी सूची का अवलोकन करने की अपील की गई है। साथ ही लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी सूची में नाम होने पर निर्धारित कोई एक दस्तावेज मांग किए जाने पर बीएलओ अथवा संबंधित अधिकारियों को प्रदान करने का आग्रह किया गया है। यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम बगैर युक्तियुक्त कारण के विलोपित नहीं किया जाएगा।

यदि किसी मतदाता का नाम विलोपन योग्य पाया जाता है, तो विधिवत जांच और सुनवाई के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।

# सभी पेंशन प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ समय सीमा में निराकरण करें : सुचारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 फरवरी। सभी पेंशन प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ समय सीमा में निराकरण करें। इन्वेस्टर मीट में अनुबंध उद्योगपतियों को समय सीमा में अनुमतियां प्रदान की जाएं। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने मासिक समीक्षा बैठक में दिए।**

संभाग कमिश्नर श्री सुचारी ने निर्देश दिए कि रीजनल इन्वेस्टर मीट में अनुबंध किए गए समस्त उद्योगपतियों को सभी अनुमति समय सीमा में प्रदान करें एवं उनके साथ समय-समय पर पत्राचार एवं बैठक आयोजित कर कार्य में प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग दिए गए लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करे। मासिक समीक्षा में एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में संभाग द्वारा लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। रीजनल इंडस्ट्री कांन्क्लेव सागर तथा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भोपाल में प्राप्त



निवेश प्रस्तावों में से अधिकतर निवेश प्रस्तावों में कार्य प्रगति पर है तथा जिन प्रस्तावों में अभी तक निवेश आरंभ नहीं हुआ है, उन प्रस्तावित निवेशकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर शीघ्र निवेश आरंभ करने हेतु प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में भी संभाग के समस्त ज़िलों को अधिक से अधिक प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया, विशेषकर दमोह तथा पन्ना ज़िलों को।

कमिश्नर ने डीएलसीसी की नियमित बैठकें भी आयोजित करने के निर्देश दिए। संभाग कमिश्नर ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में पेंशन प्रकरणों को लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी पेंशन प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ समय सीमा में निराकृत करें। उन्होंने समस्त विभाग अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जो शासकीय सेवक सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनके सभी आर्थिक देयकों की जानकारी पूर्व से ही प्रस्तुत करें, जिससे कि उनको सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी प्रकार के देयकों का भुगतान किया जा सके। उन्होंने कहा कि पेंशन प्रकरणों का लंबित रहना गंभीर अनियमितता है, जो विभाग अध्यक्ष समय सीमा में जानकारी प्रदान नहीं करता है, उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।